बरेली, मंगलवार
7 नवंबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 24

दैनिक जागरण

PAGE NO : 04 MIDDLE

पुरुष में सार्थ और महिला वर्ग में सुहानी ने जीता खिताबी मुकाबला

टेबल टेनिस चैंपियनशिप के विजेता ट्राफी के साथ • सौजन्य से आयोजक

जागरण संवाददाता, बरेली: गाजियाबाद की सुहानी महाजन और सार्थ मिश्रा ने सोमवार को तीसरी स्टेट टेबल टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष-महिला वर्ग में खिताबी जीत हासिल की। अंडर-19 पुरुष वर्ग के फाइनल में श्रीधर जोशी को सार्थ मिश्रा से हार का सामना करना पड़ा। अंडर-19 और अंडर-17 महिला वर्ग में सुहानी ने दिन की तीसरी खिताबी जीत अपने नाम की। जूनियर बालक (अंडर-17) वर्ग में आगरा के मौलिक चतुर्वेदी के विजेता रहे।

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज में खेले गए टूर्नामेंट के अंतिम दिन अंडर-19 महिला वर्ग के फाइनल में सुहानी ने गाजियाबाद की दिशा को हराया। जूनियर बालक (अंडर-17) वर्ग के फाइनल मुकाबले में आगरा के मौलिक ने गाजियाबाद के रौनक सिंह हराया। विजेताओं को उप्र टेबल टेनिस एसोसिएशन के निदेशक अरुण बनर्जी, संजीव पाठक, बरेली टेबल टेनिस संघ के सचिव दीपेंद्र कामथान और सुभाष मेहरा ने ट्राफी देकर कर सम्मानित किया।